**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 26.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में देशभर के आठ लाख से अधिक युवाओं से वर्चुअल संवाद करेंगे।
- भारतीय चिकित्सा संघ ने देश में ''एच–वन एन–वन'' इन्फ्लूएंजा के प्रसार को लेकर परामर्श जारी किया–कहा कि घबराने की जरूरत नहीं, सतर्कता बरतने पर जोर।
- छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में कल रायपुर में होगी राज्य स्तरीय बैठक।
- ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**खेलो इंडिया संवाद**

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कल सत्ताईस अगस्त को देषभर में "खेलो इंडिया संवाद दृ खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के अलग–अलग स्थानों पर मौजूद आठ लाख से अधिक युवाओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम देश के प्रत्येक जिले के दो प्रमुख महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। इसके तहत युवा प्रतिभागियों को स्थानीय खेल हस्तियों, सांसदों, विधायकों और जन–प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पंद्रह मिनट का एक समर्पित ''युवा संवाद'' सत्र भी होगा, जिसके माध्यम से युवा अपने विचार, आकांक्षाएं और नीतिगत सुझाव व्यक्त कर सकेंगे।

**प्रधानमंत्री–सेवा तीर्थ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ में प्रगति मंच की तिरपनवीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय, जहां संभव हो, बिजली, पानी और अन्य सेवाओं के लिए साझा गलियारे विकसित किए जाने चाहिए। बैठक में नौ राज्यों से जुड़ी हुई रेलवे, सड़क और बिजली क्षेत्र की छह प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कुल लागत तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

**आईएमए–एच1–एन1**

भारतीय चिकित्सा संघ–आई.एम.ए. ने इन्फ्लूएंजा–ए (एच–वन एन–वन) के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आई.एम.ए. का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आई.एम.ए. ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स नहीं लेने की सलाह दी है। आईएमए ने विशेष रूप से एजिथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन–क्लैवुलनेट और सेफिक्साइम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी भी दी है। आई.एम.ए. ने बताया कि एच–वन एन–वन में आमतौर पर अचानक तेज बुखार और ठंड लगना, लगातार सूखी खांसी, गले में खराश, मांसपेशियों में तेज दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अन्य लक्षणों में सिरदर्द, नाक बहना या बंद होना, मतली, उल्टी और दस्त शामिल हो सकते हैं।

**यूसीसी–बैठक**

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में कल सत्ताईस अगस्त को राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित न्यू सर्किट हाउस में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस विषय पर व्यापक विचार–विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सौ लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें आयोग, निगम, मंडल, विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों, विकास प्राधिकरणों के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल हैं। बैठक में समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों, सामाजिक प्रभावों और व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

**बिलासपुर–यलहंका रेल सेवा**

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर–येलहनका साप्ताहिक नियमित रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस रेल सेवा के नियमित संचालन से बिलासपुर और बेंगलुरु के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा।

यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को बिलासपुर से दोपहर दो बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम सात बजे येलहनका पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी प्रत्येक गुरुवार को रात साढ़े नौ बजे येलहनका से रवाना होगी। यह ट्रेन भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, सिकंदराबाद, रायचूर, गुंतकल सहित विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

**रक्षाबंधन–स्पेशल ट्रेन**

रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत दुर्ग–रायगढ़–दुर्ग के बीच सत्ताईस से उनतीस अगस्त तक रक्षाबंधन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस ट्रेन में कुल दस आई.सी.एफ. कोच रहेंगे, जिसमें आठ जनरल और दो एस.एल.आर.डी. कोच शामिल हैं।

**शिक्षा मंत्री–समीक्षा**

स्कूल षिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा है कि स्कूलों में षिक्षक केवल ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ही न आए, बल्कि बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान न देने वाले षिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कल रायपुर में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में श्री यादव ने कहा कि प्रदेष के स्कूलों में आने वाले समय में छात्राओं के लिए आठ हजार से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में पांच हजार षिक्षकों की भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में प्रदेषभर के जिला षिक्षा अधिकारी, विकासखंड षिक्षा अधिकारी के साथ ही विभागीय अधिकारी और सचिव शामिल हुए।

**बिजली कनेक्शन–ई–केवायसी**

प्रदेश में एक सितंबर से सभी श्रेणी के बिजली कनेक्शनों की ई–के.वाय.सी. की प्रक्रिया शुरू होगी। ई–के.वाय.सी. के लिए आधार कार्ड और बिजली बिल में दर्ज नाम का मिलान अनिवार्य होगा। उपभोक्ता घर बैठे 'मोर बिजली' ऐप के जरिए अपनी ई–के.वाय.सी. करा सकेंगे। इसके लिए किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**ईद–मिलाद–उन–नबी**

इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्मदिवस ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ईद–मिलाद–उन–नबी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर रायपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाला जा रहा है।

**प्रधानमंत्री ई–बस सेवा**

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के तहत दो सौ चालीस इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और केंद्रीय आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक भानुप्रताप सिंह भदौरिया ने कल नवा रायपुर में योजना की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में रूट प्लान, बस स्टॉप, डिपो, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम को लेकर दिशा–निर्देश दिए गए।

**सिविल भर्ती परीक्षा–स्थगित**

बीस सितंबर को होने वाली सिविल जज भर्ती परीक्षा – दो हजार छब्बीस को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को न्यायिक अधिकारियों के सेवानिवृत्ति की उम्र को साठ वर्ष से बढ़ाकर बासठ वर्ष या अंतरिम रूप से इकसठ वर्ष करने पर विचार करने के निर्देश दिए हैं। इस वजह से यह परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित की गई है।

**नगरीय निकाय–महंगाई राहत**

नगरीय प्रषासन विभाग ने नगरीय निकायों के पेंषनरों के महंगाई राहत में वृद्धि की है। सातवें वेतनमान के पेंषनरों को अब अंठावन प्रतिषत और छठवें वेतनमान के पेंषनरों को दो सौ संतावन प्रतिषत की दर से महंगाई राहत दी जाएगी। पेंषनरों और परिवार पेंषनधारियों को एक जनवरी दो हजार छब्बीस से इसका लाभ मिलेगा।

**शिक्षा मंत्री–टेट**

छत्तीसगढ़ में शिक्षक पात्रता परीक्षा–टेट की अनिवार्यता का विरोध कर रहे शिक्षकों की मांग पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी विभागीय परीक्षा लागू करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार का नहीं, बल्कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय का फैसला है।

**केसला–डिजिटल टोल प्लाजा**

बिलासपुर–रायगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग–उनचास स्थित केसला टोल प्लाजा प्रदेश का पहला डिजिटल टोल प्लाजा बन गया है। इससे अब बीस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले पात्र स्थानीय नागरिक घर बैठे ऑनलाइन लोकल मासिक पास बनवा सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई की इस सुविधा के तहत आवेदक 'राजमार्ग यात्रा' एप या आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए मासिक पास का शुल्क तीन सौ पचास रुपये निर्धारित है।

**वाटरफॉल–प्रवेश**

रायगढ़ जिले के परसदा–केराझर वाटरफॉल में आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन को जानकारी मिली थी कि वाटरफॉल में कुछ युवा सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज पाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इसके बाद कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वाटरफॉल में आम लोगों के जाने पर रोक लगाने का निर्णय लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को वाटरफॉल में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>